# एच०के०आर०एन०एल० की नियुक्तियों का ब्यौरा

**प्रश्न संख्या - 28 श्री शिशपाल सिंह केहरवाला (कालांवाली):**

क्या मुख्यमंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगें कि -

क) हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के माध्यम से अप्रैल 2023 से मई 2023 तक जारी किए नियुक्ति प्रस्ताव पत्रों की संख्या।

ख) उपरोक्त पत्रों के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने वाले उम्मीद्वारों की संख्या के अलावा, उनका कारण सहित ब्यौरा जिनकी ज्वाईनिंग होनी अभी बाकी है, और

ग) उपरोक्त भाग ख में उल्लेखित का समय जिसमें उनकी ज्वाईनिंग होनी है?

**उत्तरः श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा**

**उत्तरः क)** महोदय जी, हरियाणा कौशल रोजगार निगम लिमिटेड के माध्यम से अप्रैल 2023 से मई 2023 तक 1184 नियुक्ति प्रस्ताव पत्र जारी हुए है।

**उत्तरः ख)** महोदय जी, उम्मीद्वारों की संख्या 1184 है जिनको रोजगार मिला है तथा 697 उम्मीद्वारों ने ज्वाईन कर लिया है। ज्वाईनिंग न करने के कारण इस प्रकार से है

| **अस्वीकृति के कारण/ ज्वाईनिंग न होने के कारण** | **संख्या** |
|---|---|
| नौकरी क्रियाकलाप के साथ योग्यता का अमिलाप | 34 |
| अधूरे कागजात | 14 |
| कोई खाली पद नहीं, गलती से मांग जारी होना एवं वापिस लेनी चाहिए | 20 |
| उचित अनुभव न होना | 2 |
| नौकरी स्थान के कारण उम्मीद्वार ज्वाईन नहीं करना चाहता | 26 |
| स्वंयतः अस्वीकृत | 374 |
| नौकरी मापदंड का अमिलाप | 17 |
| कुल | 487 |

ज्वाईनिंग प्रस्ताव का 15 दिनों के बाद बंद होने के कारण कोई भी मामला बाकी नहीं है।

**उत्तरः ग)** जैसा कि उत्तर बी में कहा गया है , 1184 उम्मीदवारों को रोजगार के लिए ऑफर दिया गया , जिनमें से 679 ने ज्वाईन किया और केवल 487 उम्मीदवार ने ज्वाईन नही किया। प्रस्तावित ज्वाईनिंग ऑफर लेटर 15 दिनों के बाद स्वचालित रूप से बंद हो जाता है, इसीलिए यदि उम्मीदवार इस समयावधि में ज्वाईन नही करता है, तो उसके लिए ऑफर बंद हो जाता हैं। हालांकि, उम्मीदवार एक महीने की अवधि के बाद सामान्य पूल में वापस चला जाता हैं। यदि उम्मीदवार "अनुबंधित व्यक्तियों की नियुक्ति नीति-2022" में उल्लिखित स्कोरिंग मानदंड की रूपरेखा के अनुसार जारी की गई मैरिट सूचि में आते है, तो उन्हें उपयुक्त पद के लिए फिर से ऑफर दिया जा सकता हैं। पुर्नचयन की समयावधि उम्मीदवारों के लिए अगले उपयुक्त रोजगार उनकी योग्यता सूचि में उनके प्राप्त अंकों पर निर्भर करती हैं।

..........................................